कर्मचारी भविष्य निधि संगठन
Employees' Provident Fund Organisation
(श्रम एवं रोजगार मंत्रालय, भारत सरकार)
(MINISTRY OF LABOUR & EMPLOYMENT, GOVERNMENT OF INDIA)
मुख्य कार्यालय/Head Office
भविष्य निधि भवन, 14, भीकाएजी कामा प्लेस, नई दिल्ली-110066
Bhavishya Nidhi Bhawan, 14, Bhikaiji Cama Place, New Delhi-110066
वैबसाईट/Website: www.epfindia.gov.in, www.epfindia.nic.in

संख्या : हि.अ./रा.भा.सम्मेलन-16/2017-18/ 4832 दिनांक: 22 JAN 2018

सेवा में,

सभी अंचलों के अपर केन्द्रीय भविष्य निधि आयुक्त
निदेशक, पीडीनास
अपर केन्द्रीय भविष्य निधि आयुक्त-।। (प्र.से.प्र.), मुख्यालय

**विषय : दिनांक 09.02.2018 को क्षेत्रीय कार्यालय, जोधपुर में संगठन के 16वें अखिल भारतीय राजभाषा सम्मेलन के आयोजन के संबंध में।**

**संदर्भ : मुख्यालय का पत्र संख्या हि.अ./रा.भा.सम्मेलन-16/2017-18/ 4515 दिनांक 20.12.2017**

महोदय/ महोदया,

कृपया उपर्युक्त विषय पर मुख्यालय के ऊपर संदर्भित पत्र का संदर्भ ग्रहण करें।

ऐसा संज्ञान में आया है कि जोधपुर में आयोजित 16वें अखिल भारतीय राजभाषा सम्मेलन में भाग लेने वाले कुछ प्रतिभागी अपने परिवार के साथ जोधपुर आ रहे हैं। चूंकि क्षेत्रीय कार्यालय, जोधपुर के लिए प्रतिभागियों, विशेषतया कनिष्ठ / वरिष्ठ हिंदी अनुवादकों की पात्रता के अनुसार अलग-अलग कमरे की व्यवस्था करना संभव नहीं होगा और अनुवादकों हेतु रहने की व्यवस्था शेयरिंग आधार पर की जा रही है। अत: अनुरोध है कि संबंधित प्रतिभागियों को सलाह दी जाए कि यदि वे अपने परिवार के सदस्यों के साथ जोधपुर आने के इच्छुक हैं, तो जोधपुर में रहने की व्यवस्था अपने स्तर पर करें तथा नियमानुसार यात्रा भत्ता आदि का दावा करें। परिवहन व्यवस्था जोधपुर कार्यालय द्वारा आगमन एवं प्रस्थान हेतु प्रदान की जा सकती है जो कि जोधपुर कार्यालय के सौजन्य से होगी। स्थानीय घूमने आदि हेतु व्यवस्था प्रतिभागी एवं अन्य लोग स्वयं करेंगे।

सम्मेलन के दौरान चाय, नाश्ता एवं भोजन आदि की व्यवस्था अनिवार्यता के आधार पर सम्मेलन के दिन जोधपुर कार्यालय द्वारा की जाएगी। सम्मेलन के दिन के अतिरिक्त यदि प्रतिभागी रूकते है तो वे स्वयं के खर्चे के आधार पर रूक सकते है यदि उनका इसके लिए आवश्यक अवकाश सक्षम अधिकारी द्वारा पूर्व स्वीकृत किया गया हो।

कृपया ऐसे प्रतिभागी, जो अपने परिवार के साथ जोधपुर आ रहे हैं, इसकी सूचना **24.01.2018 तक अविलंब** मुख्यालय को सूचित करते हुए जोधपुर कार्यालय को दें।

{अपर केन्द्रीय भ.नि. आयुक्त (मुख्यालय) एवं प्रभारी राजभाषा के अनुमोदन से जारी}

भवदीया

(वीणा रानी यादव)
उप निदेशक (राजभाषा)

प्रतिलिपि:-

क्षे.भ.नि.आ., क्षेत्रीय कार्यालय, जोधपुर - को उनके पत्र सं. राज./क्षे.का./जोध./प्रशा./राजभाषा सम्मेलन/11034 दिनांक 05.01.2018 के संबंध में सूचनार्थ। इसके अतिरिक्त क्षे.का., जोधपुर से पुन: अनुरोध है कि प्रभारी अधिकारी अपने विवेकानुसार मितव्ययिता को ध्यान में रखते हुए नियमानुसार व्यय का प्रबंधन करें।

(वीणा रानी यादव)
उप निदेशक (राजभाषा)